
# सेंसेक्स 540 अंक टूटा

भाषा ▶▶ मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट हुई और बीएसई सेंसेक्स लगभग 540 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली के दबाव से बाजार नुकसान में रहे। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशों में प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले रुपये में कमजोरी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स तीन दिन की बढ़त के बाद मजबूती के साथ खुला, लेकिन दिन के कारोबार में भारी बिकवाली के चलते 541.81 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,806.28 पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी 164.80 अंक यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 17,589.60 अंक पर बंद हुआ। व्यापक बाजारों में बीएसई मिडकैप 0.55 प्रतिशत और स्मॉल कैप 0.20 प्रतिशत लुढ़क गया। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.65 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।



सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.31 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एलएंडटी, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। क्षेत्रवार बात करें तो वाहन और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में भारी बिकवाली देखी गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 3671.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।



## बीएचईएल ने सोलर ऊर्जा में उत्तम योगदान के लिए सीबीआईजी अवार्ड 2022 जीता

**नई दिल्ली।** बीएचईएल ने सोलर ऊर्जा में उत्तम योगदान के लिए सीबीआईजी अवार्ड जीता! यह अवार्ड डॉ. नलिन सिघंल, सीएमडी, बीएचईएल ने सुश्री रेणुका गेरा, निदेशक (आईएस एंड जी) बीएचईएल के साथ माननीय केन्द्रीय ऊर्जा एवं नवीन व पुनः नवीकरण योग्य ऊर्जा मंत्री श्री आर.के. सिंह से सीबीईजी दिवस पर प्राप्त कियाँ सीबीआईजी अवार्ड ऊर्जा क्षेत्र में जल, ऊर्जा एवं नवीन पुनः नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र में उत्तम योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं।

# रिलायंस ने 70 के दशक के कैंपा कोला को नए अंदाज में पेश किया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ अब, आरसीपीएल ने कैंपा ब्रांड को फिर से पेश किया

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने बृहस्पतिवार को देश के 50 साल पुराने प्रतिष्ठित पेय ब्रांड कैंपा कोला को फिर से पेश करने की घोषणा की।

आरसीपीएल अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी है और रोजमर्रा के उपभोग वाली वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाती है। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में आरसीपीएल ने गुजरात स्थित कार्बोनेटेड शीतल पेय और जूस बनाने वाली कंपनी सोस्यो हजूरी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। इससे पहले उसने प्योर ड्रिंक्स ग्रुप से कथित तौर पर 22 करोड़ रुपये में कैंपा ब्रांड का अधिग्रहण किया था। अब, आरसीपीएल ने कैंपा ब्रांड को फिर से पेश किया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, ''शुरुआती दौर में शीतल पेय श्रेणी में तीन नये फ्लेवर- कैम्पा कोला, कैंपा लेमन और कैंपा ऑरेंज को शामिल किया जाएगा।'' पहले यह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में उपलब्ध होगा। बाद में इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में पेश किया जाएगा।

कैम्पा-कोला 1970 और 1980 के दशक में एक लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड था, लेकिन कोका-कोला और पेप्सिको के आने के बाद ये पिछड़ता गया। बयान में कहा गया है कि आरसीपीएल ने इसे 'द ग्रेट इंडियन टेस्ट' का नाम दिया है। बाजार जानकारों के अनुसार घरेलू ब्रांड कैंपा सीधे तौर पर दुनिया की दो सबसे बड़ी कंपनियों- पेप्सीको और कोका कोलो को टक्कर देगा।

## सीतारमण ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से आपसी व्यापार, निवेश बढ़ाने पर चर्चा की



**नई दिल्ली (भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत की जी-20 वरीयताओं और द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश को बढ़ाने वाले मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि सीतारमण और रायमोंडो ने मजबूत आर्थिक और वित्तीय संबंधों पर केंद्रित भारत-अमेरिका के ठोस और बहुआयामी संबंधों की भी सराहना की। रायमोंडो यहां भारत-अमेरिका वाणिज्य वार्ता और 10 मार्च को होने वाली भारत अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक में शामिल होने के लिए आई हैं। इन बैठकों में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की जाएगी, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे। मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में बताया कि मास्टरकार्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माइकल मीबेक ने भी बृहस्पतिवार को सीतारमण से मुलाकात की।

# अंतरराष्ट्रीयकरण के जोखिमों से निपटने को रुपये के बेहतर अस्थिरता प्रबंधन की जरूरतः आरबीआई

भाषा ▶▶ मुंबई

भारत को विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रबंधन करने की जरूरत है, क्योंकि देश रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण और मुक्त पूंजी खाता परिवर्तनीयता के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि रुपये के अंतरराष्ट्रीय के अपने लाभ के साथ ही चुनौतियां और जोखिम भी हैं, जिनसे देश और आरबीआई को निपटना होगा। राव ने रविवार को काहिरा में 17वें एफईडीएआई सम्मेलन में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था बढ़ेगी और अधिक विकसित होगी, विदेशी मुद्रा बाजारों में भागीदारी का दायरा बदल जाएगा। उन्होंने कहा, ''बाकी दुनिया के साथ अर्थव्यवस्था के बढ़ते एकीकरण के चलते प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अधिक से अधिक संस्थाओं के विदेशी मुद्रा जोखिमों के प्रभाव में आने की आशंका है। ऐसे में आर्थिक जोखिमों की हेजिंग की अनुमति देने की मांग की जा सकती है।'' उन्होंने कहा कि बाजार सहभागियों के एक नए समूह के साथ एक नया बाजार खुल गया है। राव ने कहा कि जैसे-जैसे देश रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की राह पर आगे बढ़ेगा, और गतिशीलता आने की संभावना है और हमें इसे प्रबंधित करने के लिए कमर कसने की जरूरत है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात लगभग 770 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगाः मंत्री

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में भारत का माल और सेवाओं का निर्यात संयुक्त रूप से 760-770 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब होगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। देश का माल और सेवाओं का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 672 अरब डॉलर रहा था। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, ''हम अधिक से अधिक निर्यात करने के लिए हर संभव तरीके से कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि आज वैश्विक वस्तुओं के व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 1.8 प्रतिशत के करीब है।

## शाओमी इंडिया ने डिजिटल शिक्षा देने के लिए यूनाइटेड वे इंडिया से करार किया

**नई दिल्ली।** स्मार्ट उपकरण विनिर्माता शाओमी ने डिजिटल शिक्षा देने के लिए यूनाइटेड वे इंडिया के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत कर्नाटक और दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में 12 सरकारी और एक सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के लगभग 4,000 बच्चों को डिजिटल शिक्षा दी जाएगी। शाओमी ने एक बयान में कहा कि इनोवेटिव टिंकरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए यूनाइटेड वे इंडिया के साथ अनुबंध किया गया है। बयान के मुताबिक शाओमी इंडिया का लक्ष्य बच्चों को विभिन्न प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराकर नए समाधान तैयार करने के लिए कौशल विकास करना है। कंपनी ने कहा कि ये प्रयोगशालाएं विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा, मोबाइल प्रौद्योगिकी और रोबोटिक्स की बेहतर समझ हासिल करने में मदद करेंगी। शाओमी इंडिया के अध्यक्ष मुरलीकृष्णन बी ने कहा कि ये प्रयोगशालाएं बच्चों को उनकी आलोचनात्मक सोच को बढ़ाने, रचनात्मक होने और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने में मदद करेंगी।

**PUBLIC NOTICE**


मैं, पवित्रा देवी पत्नी धर्म पाल वासी गांव कोयल पुर डाः खेतावास जिला झज्जर हरियाणा ने अपने पुत्र महेश कुमार व पुत्र वधू अन्जूबाला व इनके परिवार को भारत में अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है क्योंकि ये मेरे व मेरे परिवार का कहना नहीं मानते। भविष्य में कोई इनसे लेन देन करेगा तो स्वयं जिम्मेदार होगा। इनके द्वारा किया गया कानूनी व गैरकानूनी कार्य व असामाजिक कामों के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

# के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने विज्ञान, तकनीक, शोध एवं नवाचार हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय से किया करार



**गुरूग्राम।** सोहना रोड स्थित केआरएमयू दिनोंदिन नई ऊचाइयों को छूता जा रहा है । इसी क्रम में विश्वविद्यालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय से विज्ञान, तकनीक, शोध एवं नवाचार तथा अन्य अकादमिक गतिविधियों के लिए दिनांक 7 मार्च 2023 को एक करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विकास गुप्ता और केआरएमयू के कुलसचिव ग्रुप कैप्टन प्रवीण महाजन ने इस समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर केआरएमयू के कुलपति प्रो. चन्द्र शेखर दुबे ने बताया कि यह ऐतिहासिक पल है जब ना सिर्फ शैक्षणिक गतिविधियां बल्कि भारत सरकार की परामर्श योजना तथा शोध एवं नवाचार के अन्य क्षेत्र में दोनों विश्वविद्यालयों एक जुट होकर कार्य करेगें। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय हमेशा से ही अन्य विश्वविद्यालयों के लिए मार्गदर्शक रहा है, इस समझौते के माध्यम से डीयू के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उन्नति, बौद्धिक आदान-प्रदान तथा शोध नवाचार के क्षेत्रअपना पूरा सहयोग देता रहेगा।

# सोने में 80 रुपये की गिरावट, चांदी 390 रुपये टूटा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 80 रुपये की गिरावट के साथ 55,025 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 55,105 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 390 रुपये टूटकर 61,955 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजार में सोने का हाजिर भाव 80 रुपये की गिरावट के साथ 55,025 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,815 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रहा, जबकि चांदी का भाव गिरावट के साथ 20.02 डॉलर प्रति औंस रह गया।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

निविदा संख्या : 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–971 दिनांकः 09.03.2023

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | NDLS स्टेशन के स्टेशन पुनर्विकास के कारण स्टेशन पर IPIS ऑटो अनाउंसमेंट, TIDB आदि का प्रावधान जहां ट्रेन हैंडलिंग सुविधा शुरू की जानी है। |
| कार्य की अनुमानित लागत | रू. 2,09,39,013.83 /–मात्र |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | रू. 0 /– मात्र |
| धरोहर राशि | रू. 2,54,700.00 /– मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 31.03.2023 15.00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 735/23

## जियो ने छह करोड़ डॉलर में अमेरिकी कंपनी मिमोसा नेटवर्क का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स ने अमेरिका की दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनी मिमोसा नेटवर्क्स का छह करोड़ डॉलर में अधिग्रहण किया है। कंपनी अपनी 5जी सेवा और ब्रॉडबैंड सेवाओं को मजबूत करना चाहती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स की अनुषंगी रेडिसिस कॉर्पोरेशन ने कर्ज-मुक्त, नकदी-रहित आधार पर छह करोड़ डॉलर में मिमोसा नेटवर्क्स के अधिग्रहण के लिए अमेरिका की एयरस्पैन नेटवर्क्स होल्डिंग्स के साथ करार किया है। जियो प्लेटफॉर्म्स भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम की स्वामी है, वहीं मिमोसा वाईफाई-5 और नवीनतम वाईफाई-6ई आधारित उत्पादों के साथ ही संबंधित उपकरण बनाने के लिए जानी जाती है। एयरस्पैन ने 2018 में मिमोसा का अधिग्रहण किया था।

## रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 82.06 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** डॉलर के कमजोर होने से रुपये को मिला समर्थन, घरेलू शेयर बाजारों में हुई बिकवाली के चलते खत्म हो गया। ऐसे में रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले शुरुआती बढ़त के बावजूद कारोबार के अत में 11 पैसे की गिरावट के साथ 82.06 पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा बैंकों और आयातकों की ताजा डॉलर मांग तथा विदेशी पूंजी की बाजार से निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

# पावर ग्रिड कॉरपोरेशन बोर्ड ने बॉन्ड के जरिए 900 करोड़ रुपये तक जुटाने को मंजूरी दी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

■ निर्गम का मूल आकार 300 करोड़ रुपये होगा

सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय बांड जारी कर 900 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बीएसई को भेजी एक सूचना में कहा, ''निदेशकों की समिति ने आज यानी नौ मार्च, 2023 को हुई अपनी बैठक में असुरक्षित, गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर योग्य पावरग्रिड बॉन्ड्स-एलएक्सएक्सआई (71वें) निर्गम को जारी करने की मंजूरी दी। निर्गम के तहत निजी नियोजन के आधार पर 900 करोड़ रुपये तक जुटाए जाएंगी।'' निर्गम का मूल आकार 300 करोड़ रुपये होगा और इसमें 600 करोड़ रुपये का ग्रीशू विकल्प होगा। इस निर्गम को एनएसई या बीएसई या दोनों पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

टेंडर नोटिस सं.: 92/2022-2023 दिनांक: 09.03.2023

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 18231271 | फाइल केस कवर थिन डबल | 90000 नग | 31.03.2023 |
| 02 | 02235017 | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ कम्पोजिट पैन्ट्री इक्विपमेंट ऑफ एलएचवी राजधानी कोचेस | 81 नग | 03.04.2023 |
| 03 | 02235018 | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ कम्पोजिट मिनी पैन्ट्री इक्विपमेंट ऑफ एलएचवी शताब्दी कोचेस | 50 नग | 05.04.2023 |
| 04 | 07235005 | सेट ऑफ एफआरपी सीलिंग शीट अस्सेम्बलीज फॉर एलएचबी चेयर कार | 20 सेट | 05.04.2023 |
| 05 | 07222021B | फ्लेक्सबल केबल कम्पलीट सेट | 191 सेट | 10.04.2023 |

**निविदा शर्ते**- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
736/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बैंकों का सकल एनपीए 2023-24 के अंत तक चार प्रतिशत से कम हो सकता हैः अध्ययन

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकों की गैर-निष्पादित आस्तियों या खराब ऋण में वित्तवर्ष 2022-23 में 0.90 प्रतिशत की कमी आने की संभावना है और इस दौरान यह घटकर पांच प्रतिशत से कम रह जाएगा। एसोचैम-क्रिसिल रेटिंग के अध्ययन में बृहस्पतिवार को यह अनुमान जताया गया। अध्ययन में यह भी कहा गया कि बैंकों का सकल एनपीए 31 मार्च 2024 तक घटकर दशक के सबसे निचले स्तर चार प्रतिशत से भी कम हो सकता है। अध्ययन ने सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में गिरावट के लिए कोविड बाद के आर्थिक सुधारों और उच्च ऋण वृद्धि को जवाबदेह बताया है। इसमें कहा गया कि सबसे बड़ा सुधार कॉरपोरेट ऋण खंड में होगा, जहां सकल एनपीए 31 मार्च, 2018 को लगभग 16 प्रतिशत था और इसके अगले वित्त वर्ष में घटकर दो प्रतिशत तक होने की संभावना है। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, ''यह हाल के वर्षों में बैंकों द्वारा खातों को दुरुस्त करने के साथ ही मजबूत जोखिम प्रबंधन और अंडरराइटिंग को दर्शाता है, जिसके कारण बेहतर क्रेडिट प्रोफाइल वाले उधारकर्ताओं को ऊंची वरीयता मिली है।''

# रेलिगेयर फिनवेस्ट ने अपने कर्जदाताओं के साथ किया वन-टाइम सेटलमेंट

## आरएफएल का ओटीएस अपनी तरह का एक पुनरुद्धारः डॉ रश्मि

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने बताया है कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) ने 8 मार्च 2023 को 16 कर्जदाताओं के साथ 400 करोड़ रुपये का पूरा और अंतिम भुगतान करके वन-टाइम-सेटलमेंट (ओटीएस) किया है।

यह भुगतान कर्जदाताओं के साथ 30 दिसंबर 2022 को हुए सेटलमेंट एग्रीमेंट के अनुसार तीन महीने की समय सीमा से पहले ही कर दिया गया है। रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड की एक्सीक्यूटिव चेयरपर्सन डॉ रश्मि सलुजा ने इस बारे में कहा, "आरएफएल का ओटीएस अपनी तरह का एक पुनरुद्धार है, जिसमें यह सेटलमेंट उन सभी पुराने मुद्दों को दूर करने की राह में अंतिम पड़ाव है, जो इससे पहले के प्रवर्तकों के गलत तरीकों के कारण विरासत में मिले थे। नए प्रबंधन ने जनवरी 2018 से जब कार्यभार संभाला है, आरएफएल ने तब से अब तक अपने संग्रह और आरईएल के समर्थन के माध्यम से अपने कर्जदाताओं को 9,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। यह सेटलमेंट आरएफएल के कारोबार को फिर से शुरू करने और एमएसएमई के वित्तपोषण में एक खास जगह बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की राह तैयार करता है. आरएफएल के पास व्यापार की वृद्धि को बनाए रखने के लिए अगली कुछ तिमाहियों में स्वस्थ बैलेंस शीट होगी। किफायती आवास को कर्ज मुहैया कराने के व्यवसाय की तेज वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य को जारी रखते हुए आरएफएल की सब्सिडियरी आरएचडीएफसीएल को आने वाले समय में डाइरेक्ट सब्सिडियरी बनाया जाएगा।

## मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की

भाषा ▶▶ मुंबई

मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने अपना पहला टार्गेट मैच्योरिटी फंड, मोतीलाल ओसवाल निफ्टी G-Sec मई 2029 इंडेक्स फंड लॉन्च किया।

यह निफ्टी G-Sec मई 2029 इंडेक्स की नकल / ट्रैकिंग करने वाली एक ओपन-एंडेड टार्गेट मैच्योरिटी स्कीम है। यह फंड निवेशकों के लिए 10 मार्च 2023 को फिर से खुलेगा। 2019 में पहले टार्गेट मैच्योरिटी फंड के लॉन्च के बाद से, इसे कई खरीदार प्राप्त हुए हैं जहां इसका एयूएम उद्योग स्तर पर जनवरी 2023 तक तक़रीबन रु. 1.5 लाख करोड़ था। टारगेट मैच्योरिटी फंड्स में फिक्स्ड डिपॉजिट की तरह ही एक सेट मैच्योरिटी डेट होती है। ये फंड्स आमतौर पर बाय एंड होल्ड की स्ट्रेटिजी फॉलो करते हैं और एक सेट मैच्योरिटी डेट पर एग्ज़िट करते हैं। फिक्स्ड डिपॉज़िट जैसे पारंपरिक निवेश साधनों की तुलना में इस तरह के फंड्स निवेशकों को आसान एंट्री/एग्ज़िट, स्टेबिलिटी, रिटर्न्स की हायर विज़िबिलिटी के साथ लोअर टैक्स इम्प्लीकेशन प्रदान करते हैं।

फंड हाउस के अनुसार, स्कीम मोतीलाल ओसवाल निफ्टी G-Sec मई 2029 इंडेक्स फंड का उद्देश्य अंतर्निहित इंडेक्स के समान गवर्मेंट सिक्योरिटीज़ में निवेश करना होगा। इंडेक्स वर्ष 2029 में मैच्योर होने वाली 3 गवर्मेंट सिक्योरिटीज़ को समान अनुपात में होल्ड करेगा। निरंतर आधार पर फंड के लिए न्यूनतम आवेदन राशि रु. 500/- और उसके बाद रु.1/- के गुणकों में है।

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**(www.hssc.gov.in)**

**सार्वजनिक सूचना**

आयु, श्रेणी और सामाजिक आर्थिक मानदण्ड के तहत अंकों के संबंध में दावों के प्रमाणीकरण/वापसी से संबंधित आयोग की सूचना दिनांक 01.02.2023, 16.02.2023, 24.02.2023 और 02.03.2023 की निरंतरता में, सभी पात्र उम्मीदवार जो सीईटी (ग्रुप–सी) परिणाम दिनांक 10.01.2023 में 38 अथवा अधिक अंक प्राप्त कर चुके हैं (सामाजिक–आर्थिक मानदण्ड के तहत अंकों को छोड़कर) और जिनका परिणाम अंतरिम रूप से जारी किया गया है अथवा जिनको आरक्षण, आयु में छूट अथवा सामाजिक आर्थिक मानदण्ड के तहत अंकों इत्यादि का लाभ गलत तरीके से दिया गया है, को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उम्मीदवार जो किसी कारण से अपने दावे वापस/प्रमाणित नहीं करवा सके हैं, अब अपने संबंधित दावे या तो वापस ले सकते हैं अथवा प्रमाणित करवा सकते हैं क्योंकि आयोग ने दावों की वापसी/प्रमाणीकरण हेतु समय **15.03.2023 तक अप. 11:59 बजे तक** बढ़ा दिया है। **इसके अतिरिक्त, जिन उम्मीदवारों का सीईटी परिणाम अंतरिम रूप से घोषित किया गया है, को सुझाव दिया जाता है कि सम्बद्ध दस्तावेज अपलोड करके अपने सम्बन्धित दावे अनिवार्य रूप से प्रमाणित करवाएं / वपिस लें। ईडब्ल्यूएस श्रेणी उम्मीदवार और ईएसएम और डीईएसएम / डीएफएफ उम्मीदवार चाहे अंतरिम हो अथवा नहीं, को भी अपने श्रेणी प्रमाण–पत्र अपलोड करना आवश्यक है और श्रेणी प्रमाण–पत्र की अनुपस्थिति के मामले में, ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी केवल सामान्य/पेरेंट कैटेगरी के तहत विचारणीय होगी।**

इसके अतिरिक्त, यदि कोई उम्मीदवार जो 01.02.2023 से 06.03.2023 तक की अवधि के दौरान परिवर्तन कर चुका है और नए सिरे से कुछ प्रमाणीकरण/वापसी करवाना चाहता है, वह भी **15.03.2023 तक अप. 11:59 बजे तक** ऐसा कर सकता है। बढ़ाई गई समय अवधि के पश्चात विवरणों/दावों में प्रमाणीकरण/वापसी/के परिवर्तन के संबंध में आगे आग्रह आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई मौखिक अथवा लिखित अभ्यावेदन पहले ही रद्द किया हुआ माना जाएगा।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी** :– कोई उम्मीदवार जिसने सीईटी आवेदन प्रपत्र (वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल अर्थात ओटीआर पर) में आरक्षण का दावा किया था परन्तु उसका डेटा परिवार पहचान पत्र में ; अथवा उम्मीदवार द्वारा जमा करवाए गए दस्तावेजों के मद्देनजर आयोग द्वारा ऑनलाइन प्रमाणित अनुसार, सार्वजनिक सूचना दिनांक 01.02.2023 के तहत अधिसूचित दावा प्रमाणीकरण / वापसी पोर्टल में उसके डेटा से मिलान नहीं करता ; सामान्य श्रेणी के तहत विचार किया जाएगा, बशर्ते कि ऐसा कोई उम्मीदवार किसी सामान्य श्रेणी उम्मीदवार द्वारा पूर्ण किये जाने अपेक्षित आयु / योग्यता और अन्य मानदंड पूर्ण करता हो। इसलिये, सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि या तो अपने दावे प्रमाणित करें अथवा वापस लें और उनके स्वयं के हित में उपरोक्त अनुसार आवश्यक दस्तावेज अपलोड भी करें क्योंकि किसी आधार पर किसी उम्मीदवार को आगे अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**स्थान : पंचकूला** **हस्ता/– सचिव**
**दिनांक : 07 मार्च, 2023** **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला**
संवाद विज्ञा. सं.–1159/13/510/2023/16224/88/7 दि. 09.03.23

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक एमओयू पर हस्ताक्षर करेंगेः रायमोंडो

■ रायमोंडो ने कहा कि भारत के साथ किसी व्यापार समझौता पर फिलहाल चर्चा नहीं हो रही है

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वह भारत के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेंगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि कई अमेरिकी कंपनियों की इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर खंड में आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने और अधिक लचीला होने की 'प्रबल' इच्छा है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''हम किस तरह सेमीकंडक्टर के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं और दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर वाणिज्यिक अवसरों के बारे में हमने बात की। हमने उन नीतियों को लेकर लगातार संवाद करने पर चर्चा की, जिनसे सेमीकंडक्टर पारिस्थितिक तंत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा कि इस बातचीत में दोनों देशों के बीच संयुक्त उद्यमों या प्रौद्योगिकी साझेदारी के अवसरों का पता लगाना भी शामिल है। रायमोंडो ने कहा, ''हम निकट अवधि के साथ ही लंबी अवधि के रणनीतिक अवसरों की भी तलाश कर रहे हैं।''

उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों को इलेक्ट्रॉनिक आपूर्ति श्रृंखला में एक बड़ी भूमिका निभानी होगी और इसके लिए ''इस यात्रा के दौरान मैं सेमीकंडक्टर से संबंधित जिस एमओयू पर हस्ताक्षर करूंगी, उससे इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।''

### समन्वय और सहयोग करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की

उन्होंने कहा कि दोनों देश एक सेमीकंडक्टर प्रोत्साहन कार्यक्रम लागू कर रहे हैं, और ''हमने चर्चा की'' कि दोनों पक्ष भारत और अमेरिका के हित में इनके बीच तालमेल कैसे स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने अपने प्रोत्साहनों में पारदर्शिता लाने, अपनी सेमीकंडक्टर पहल को संचालित करने के तरीकों में समन्वय और सहयोग करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। रायमोंडो ने कहा, ''अगर हम अपने प्रोत्साहन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में सहयोग करते हैं, तो हमें बेहतर लाभ मिल सकता है।''वह 10 मार्च को होने वाली भारत-अमेरिका वाणिज्यिक वार्ता और भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक के लिए यहां आईं हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।